हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 21 अप्रैल 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 जिले भर में 200 पुलिस जवानों ने 300 से अधिक...



07 भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर...



**खबर संक्षेप में**

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर दो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

**नलखेड़ा।** जनगणना-2027 अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी आरपी वर्मा ने दो शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जारी आदेशानुसार 19 अप्रैल को मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य हेतु प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ था, जिसमें नियुक्त प्रगणक/कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य थी। इसके बावजूद हेमाराज पाटीदार (शा.मा.वि. कलारिया, सुसनेर) एवं कालुराम वर्मा (शा.मा.वि. रिछड़िया, सोयतकलां) बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए दोनों कर्मचारियों से जवाब तलब किया है। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों को बताया गया जल का महत्व

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधनी के एकलव्य स्कूल में पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में बच्चों को जल की उपयोगिता एवं उसके संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पानी की बोतलें वितरित की गईं। इस अवसर पर बच्चों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार अभियान के अंतर्गत नगर परिषद की टीम द्वारा वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनका त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही नागरिकों को जल का अपव्यय न करने एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

### 7 केंद्रों पर आयोजित होगी राज्य सेवा व राज्य वन सेवा परीक्षा

**सीहोर।** मप्र राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2026 जिले के 7 परीक्षा केंद्रों पर 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक दो सत्रों आयोजित की जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार परीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर जिले के भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद संस्थान (केंद्र क्रमांक 42/1), स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल पुलिस लाइन के सामने सीहोर (केंद्र क्रमांक 42/2) पर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

बाबा साहब आंबेडकर के जन्मोत्सव सप्ताह पर जनसभा का आयोजन

## बाबा साहब के संघर्षों से महिला और पिछड़ों को मिला अधिकार : पटेल

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित के साथ ही भगवान बुद्ध स्तुति कर की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव सप्ताह पर रविवार को नगर के सब्जी बाजार स्थित आजाद चौक में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, विचारों व महिला और पिछड़े समाज के उत्थान के लिए किए गये योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके उनके सिद्धांतों को अपनाने की बात कही।

भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब के 135 वें जन्मोत्सव सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जबकि राजू भारती राष्ट्रीय बहुजन रत्न सम्मानित व दूरदर्शन कलाकार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित के साथ ही भगवान बुद्ध स्तुति कर की गई। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने संविधान निर्माण में बाबा साहेब की अहम भूमिका, महिलाओं और पिछड़ों के उत्थान के लिए किये गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। श्री पटेल ने आगे कहा कि हमारा देश कई टुकड़ों में बटा हुआ था विभिन्न राज्य थे, अपने अलग-अलग तरीके से अपना राज्य चला रहे थे। देश में एक जुटता नहीं थी। हम सब गुलामी की जंजीरों में जकड़े हुए थे। देश के आजादी में जो हमारे स्वतंत्रता सेनानी थे।

राजू भारती द्वारा बाबा साहब के जीवन पर रचित गीतों भीम ने बढ़ाया नारी का मान, सदियों की गुलामी को कुचल डाला, सोना था ना चांदी था हम सब तो थे कंगाल तुम ही भीमराव जी आए हो गए मालामाल, सहित हिन्दू कोर्ट बिल की प्रस्तुति दी गई। जिन्हें सुनकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।



## सरगम के साथियों ने सजाई सुरमयी शाम, पुराने गीतों की गूंज से महका माहौल



**सीहोर।** शहर में "सरगम के साथियों" के बैनर तले कलाकारों को मंच प्रदान करने हेतु राजेश काशिव एवं सीमा जोशी द्वारा क्रिसेंट वाटर पार्क के सभागृह में एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम "सुरमयी शाम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी अरुणा राय उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश काशिव एवं प्रसिद्ध गायिका सीमा जोशी द्वारा सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले को गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि नगर में एक मंच की आवश्यकता थी जो गायकों को मंच प्रदान करे। जिसे सरगम के साथियों ने पूरा किया। समाजसेवी अरुणा राय ने सभी गायकों को श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी। उन्होंने ने इस संगीतमय शाम में स्वयं भी गाना गाकर सबका मन मोह लिया।

इस संगीतमय संध्या की खासियत रही कि इसमें पुराने सदाबहार गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक सुदेश राय द्वारा प्रथम तीन सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों देने गायक कलाकारों को नगद पुरस्कार प्रदान किए।

गायकों ने एकल और युगल गानों को प्रस्तुत कर सराहना बटोरी।कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया। इस अवसर पर सीहोर, आष्टा एवं भोपाल से आए गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से शाम को यादगार बना दिया।

यजमान ने परिक्रमा मार्ग पर जवारे बोने का कार्य किया

## 26 को किया जाएगा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी कोलीपुरा के तत्वाधान में आगामी 26 अप्रैल से होने वाले भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है। रविवार को मंदिर की ओर से 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत माधवदास महाराज, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास, मुख्य यजमान नमिता अखिलेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अरुणा सुदेश राय, पंडित पूनम चंद्र व्यास, बजरंग दल प्रमुख जगदीश कुशवाहा, शाही सवारी प्रभारी सन्नी सरदार, रजत मुंदडा, यज्ञ के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार पंकज पजवानी आदि ने विधि-विधान से परिक्रमा मार्ग पर ज्वारे आदि बोए। संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाले पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत 25 अप्रैल से भव्य शाही सवारी से की जाएगी। भव्य शाही सवारी महाकाल/पुरी की तर्ज पर शहर के छावनी स्थित जगदीश मंदिर से निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कोलीपुरा स्थित प्राचीन मंदिर पर पहुंचेगी।

## गोवंश के लिए सूखी टंकियों में पानी भरेंगे विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ता

**सीहोर।** गर्मी बढ़ते ही पानी की कमी महसूस होने लगी है नागरिकों के गले प्यास से सुख रहे हैं ऐसे में गोवंश को भी पर्याप्त पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। गोवंश की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अक्षय तृतीया की शुभ तिथि से शहर के अनेक चौक चौराहों और प्रमुख सड़कों के किनारो गली मोहल्ले में रखी पानी की सूखी टंकियां में गाय बछड़ों बेल नंदी महाराज सांडो के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराने का पुनीत संकल्प लिया है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला पदाधिकारी आशीष कुशवाहा ने बताया कि प्रतिवर्ष बजरंग दल के कार्यकर्ता शहर की सड़कों पर आवारा घूमने वाले गाय बछड़ों बेल नंदी महाराज सांडो सहित पक्षियों के लिए ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराता है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा गौ सेवा के निमित्त शहर के गल्ला मंडी, सब्जी मंडी, नमक चौराहा, बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, कोतवाली चौराहा, भोपाल नाका, इंदौर नाका नरसिंहगढ़ नाका, शक्कर फैक्ट्री चौराहा पावर हाउस चौराहा, नदी चौराहा, कोलीपुरा, गंगा आश्रम सहित अन्य स्थान पर बीते साल पानी की टंकी यहां रखी गई है। इन सभी सुखी पानी की टंकी में टैंकरों के माध्यम से अक्षय तृतीया के बाद प्रतिदिन पानी डाला जएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने समस्त सनातन धर्म के नागरिकों से गोवंश और पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने की अपील की है।




## अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का किया पूजन, छप्पन भोग लगाकर की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में सोमवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का उत्साह चरम पर रहा। स्थानीय रामद्वारा स्थित परशुराम मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजन, महाआरती और छप्पन भोग का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

सोमवार को जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के अभिषेक और विशेष श्रृंगार के साथ हुई। विधिवत पूजन के बाद भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद महाआरती हुई। आरती के समय पूरा मंदिर परिसर जय श्री परशुराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में समाज के पुरुष, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया। अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या रविवार को मातृ शक्तियों द्वारा भजन का भी आयोजन किया गया।





### 26 अप्रैल को निकलेगा चल समारोह

मंदिर समिति और समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि जन्मोत्सव का मुख्य आकर्षण 26 अप्रैल को होने वाला चल समारोह होगा। 26 अप्रैल को शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। समारोह के समापन पर सामूहिक सहभोज का आयोजन किया जाएगा।

## प्रेक्षा बनवैया ने कक्षा दसवीं में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**सीहोर।** प्रेक्षा बनवैया ने कक्षा दसवीं सीबीएसई 92 प्रतिशत आईईएस स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है उसके साथ ही शहर का नाम भी रोशन किया है। छात्रा प्रेक्षा बनवैया ने कड़ी मेहनत कर परीक्षा में सफलता हासिल की है इस का श्रेय उन्होंने स्कूल प्रबंधन और अपने माता पिता को दिया है उन्ही के आशीर्वाद और मेहनत से सफलता प्राप्त की है। छात्रा प्रेक्षा बनवैया के पिता सतीश बनवैया माता डाक्टर संगीता बनवैया है उन्होंने बताया कि हमारी बेटी हमेशा से पढ़ाई में रुचि रखती है और कड़ी मेहनत करती है ये उसी का परिणाम है कि आज उसने इतने अच्छे परसेंटेज बनाकर हमारा नाम रोशन किया हमारे दिल को बहुत गर्व महसूस हो रहा है में स्कूल प्रबंधन को बधाई और धन्यवाद देता हूँ और अपनी बेटी को भी इस सफलता के लिए शुभकामनाएँ देते है ताकि वह आगे चलकर और सफलता प्राप्त कर शहर का नाम रोशन करे और हमे गर्व महसूस कराये। छात्रा प्रेक्षा बनवैया की इस उपलब्धि पर शहर वासियों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई दी है।

सुबह से चल रही लू, पारा पहुंचा 41 डिग्री पार

## सूरज के तेवर तीखे, गर्मी से आमजन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सूरज के सख्त हुए तेवरों से लोग हलाकान हो रहे हैं। दोपहर के साथ-साथ अब सुबह से ही तपन होने लग गई है। तापमान देखकर ऐसा लगता है मानो सूरज आग उगल रहा है। ऐसे में लोगों को तमतमाती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जैसे-जैसे दिन बढ़ रहे हैं वैसे वैसे ही तापमान में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। इसके साथ ही सुबह से ही लू चलना शुरू हो गई है। दोपहर में लू के थपेड़ों के बीच बिना चश्मे और मुंह पर कपड़ा बांधे घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

अप्रैल माह के अंतिम दिनों में गर्मी अपना रौद्र रूप दिखाने लगी है। सोमवार को पारा 41 डिग्री पर पहुंच गया, वही गर्म हवाओं से आमजन परेशान हो गए। सुबह से ही गर्म हवाएं चलना प्रारंभ हो गई थी जो गर्मी बढ़ने का एहसास करवा रही थी। दोपहर आने तक मानो आसमान से आग बरसना प्रारंभ हो गया था।



### बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था। शादी ब्याह के इस मौसम में आवश्यक खरीदी करने वाले ही दोपहर के समय सड़कों से गुजरते दिखाई दे रहे थे वे भी लू से बचने के सारे जतन के साथ दिखाई दे रहे थे।

### गर्मी से बचने के लिए यह करें

घर से बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी पिएं। ढीले और आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर ढंककर रखें। टोपी कपड़ा छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ ओआरएस का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी नींबू पानी आम का पना का सेवन करें। भरपेट भोजन करके ही घर से निकले। आवश्यक होने पर ही धूप में बाहर निकलें।

जिन मंदिर की वर्षगांठ पर मंदिर शिखर पर होगा ध्वजारोहण

## जैन समाज त्रिदिवसीय परमात्म भक्ति का करेगा आयोजन

### लाभार्थी परिवार विधि विधान से चढ़ाएंगे नूतन ध्वजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा


मां बगलामुखी के नाम से विख्यात नलखेड़ा नगर की पुण्यधरा पर श्री पार्श्वनाथ जिनालय एवं श्री जिनकुशलसुरि दादावाड़ी के शिखर पर चतुर्थ ध्वजारोहण एवं विचक्षण श्रीजी म.सा. की 46 पुण्यतिथि निमिते जैन समाज द्वारा त्रिदिवसीय परमात्म भक्ति का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत 22 अप्रैल को लाभार्थी परिवारों द्वारा मंदिर शिखर पर नूतन ध्वजा चढ़ाई जाएगी।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा पीयूष सागर सुरीश्वर महाराज साहब की निश्रा एवं चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब की प्रेरणा से उनकी शिष्या चंदनबाला श्रीजी महाराज साहब आदि साध्वी मंडल के मार्गदर्शन में नगर के गुदरावन रोड पर श्री पार्श्व जिनालय व श्री जिनकुशलसूरी दादावाड़ी का भव्यातित भव्य निर्माण एवं प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ था। मंदिर दादावाड़ी की प्रतिष्ठा के चार वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर जी की चतुर्थ वर्षगांठ एवं विचक्षण श्रीजी म.सा. की 46 पुण्यतिथि निमिते त्रिदिवसीय परमात्म भक्ति का आयोजन किया जा रहा है।



### अक्षय तृतीया पर परमात्मा का इच्छु रस से किया अभिषेक

चंदनबाला श्रीजी म.सा आदि ठाणा 5 की निश्रा व पावन सानिध्य में सोमवार को चौक बाजार स्थित श्री चंद्र प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर में परमात्मा का इच्छु रस से अभिषेक लाभार्थी प्रेमचंद जिंतेंद्र कुमार सकलेचा परिवार द्वारा किया गया। समाजजनों द्वारा भी भक्तामर पाठ के साथ अभिषेक किया गया। सोमवार को दोपहर 2 बजे जिन मंदिरजी में दादा गुरुदेव की पूजन गुरूवर्या चंदनबाला श्रीजी की प्रेरणा से लाभार्थी संगीता प्रकाशचंद कैलाशचंद प्रितेश कुमार फाफरिया परिवार की ओर से रखी गई। चंदा प्रभु बहु मंडल के द्वारा पूजा पढ़ाई गई।



मंगलवार को दादा गुरुदेव पूजन व गुरु गुणानुवाद सभा का आयोजन जैन आराधना भवन हनुमान मंडी पर प्रातः 9 बजे रखा गया है। पुण्यतिथि के निमित्त मंगलवार को ही सामूहिक आयंबिल का कार्यक्रम प्रातः 12 बजे रखा गया है। पूजन के लाभार्थी शांतिलाल मनोज कुमार फाफरिया परिवार रहेगा। बुधवार वैशाखसुदि छठ को जिन मंदिर - दादावाड़ी में ध्वजारोहण हेतु प्रवेश व बधामणा सकल श्रीसंघ के साथ प्रातः 9 बजे, प्रातः 9:30 बजे सतर भेदी पूजन रखी गई है। विजय मुहूर्त में मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण लाभार्थी परिवार मातुश्री कमलाबाई प्रेमचंद जी धूपिया, पुत्र जयंत कुमार, दिनेश कुमार, डॉ राकेश, हर्ष, चैतन्य, संभव धूपिया परिवार, मातुश्री चंद्रकांता बेन सागरमल तिलगोता पुत्र राजेशकुमार, यशकुमार, कियांशकुमार तिलगोता, मातुश्री पारस बेन प्रेमचंद तिलगोता पुत्र प्रीतेश, सोहम कुमार तिलगोता परिवार द्वारा चढ़ाई जाएगी। पूजन व ध्वजारोहण हेतु संगीतकार दीपक मालू भोपाल आएंगे।

**खबर संक्षेप**

### विश्वकर्मा समाज की बैठक संपन्न, शंकर विश्वकर्मा बने जिलाध्यक्ष



**देवास।** सर्व हितार्थ श्री विश्वकर्मा गुजराती सुतार समाज, जिला देवास की महत्वपूर्ण बैठक बिलावली महाकाल मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की उपस्थिति में समाज बंधुओं ने सर्वसम्मति से श्री शंकर विश्वकर्मा (दिल्लोद वाले) को जिला अध्यक्ष पद पर निर्विरोध मनोनीत किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य पुरणमलजी विश्वकर्मा (सुनवानी) ने नवनियुक्त अध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन समाज के सचिव मोहन लाल (चांपलाखेडी) ने व्यक्त किया। बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ परामर्श शिविर आयोजित

**देवास।** साकर सेवा फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक निःशुल्क स्त्री रोग विशेषज्ञ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना था। शिविर में अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उर्वशी कुमावत (आदियोगी हॉस्पिटल देवास)द्वारा महिलाओं की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक सलाह एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और इस पहल की सराहना की। संस्था के सदस्यों ने बताया कि साकर सेवा फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। शिविर के सफल आयोजन में संस्था के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

थाना उदयनगर ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान सालों से लंबित 11 वारंट तामील कराए

# जिले भर में 200 पुलिस जवानों ने 300 से अधिक वारंटियों को किया गिरफ्तार

एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा शुरू किए गए "ऑपरेशन हवालात" के तहत जिले की पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोत द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन तथा समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को अपने-अपने क्षेत्र में फरार स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियों एवं बदमाशों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी अनुक्रम में जिले के सभी 21 थानों की पुलिस टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान सभी एसडीओपी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्वयं मैदान में उपस्थित रहकर अभियान का नेतृत्व करते रहे। रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक चली इस विशेष गश्त में 200 से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। थाना स्तर पर टीमों का गठन कर कॉम्बिंग गश्त के माध्यम से न्यायालय में लंबित प्रकरणों के फरार स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ की गई। अभियान के दौरान विभिन्न अपराधों में फरार 300 से अधिक वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया स्वयं विभिन्न स्थानों पर उपस्थित रहकर कार्यवाही की सतत निगरानी करते रहे। उन्होंने निगरानी बदमाशों की जांच, विभिन्न नाकाबंदी पॉइंट्स का निरीक्षण, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड की चेकिंग तथा डायल-112 वाहनों का निरीक्षण किया।

#### थाना उदयनगर ने 11 वारंट तामील कराए

इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली संजय सिंह बैस के निर्देशन में थाना प्रभारी उदयनगर उनि विजेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में "ऑपरेशन हवालात" के तहत विशेष टीम गठित की गई थी। इसी अनुक्रम में थाना उदयनगर द्वारा 18 अप्रैल रात्रि में सम्पूर्ण थाना स्टाफ के साथ थाना क्षेत्र के गांवों में कांबिंग गश्त की गई क्षेत्र के गुंडे , निगरानी बदमाशों, संदेहियों की चेकिंग की गई ,थाना क्षेत्र के स्थाई वारंटियों की तलाश ग्राम नहरिया पूरा , भिकुपुरा ,मानसिंह पूरा , डांगाडोंगी , करडी ,कलम तलाई चांदुपुरा, इमलीपुरा , उदयनगर , पांडुतलाब , पिपरी में को गई और वर्षों लंबित 11 स्थाई वारंट को तामिली कराने के सफलता प्राप्त की को गिरफ्तार किए गए वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## शादी सामरोह में जा रहा था परिवार, कार के टायर फटने से हुआ हादसा

**एक की मौत, छह घायल**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इंदौर से पचोर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे परिवार की कार एबी रोड पर देवास-मक्सी के बीच बरखेड़ा फाटा क्षेत्र में टायर फटने के कारण पलट गई। सोमवार सुबह हुए हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए और एक महिला की मौत हो गई। दर्दनाक हादसा देख राहगीर मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर टोंककला पुलिस चौकी से टीम भी पहुंची। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने जांच करके एक महिला को मृत घोषित कर दिया। टोंककला पुलिस चौकी प्रभारी रमनदीप हुंदल ने बताया हादसा कार का टायर फटने से हुआ है। टायर फटते ही कार असंतुलित हो गई थी और सड़क से नीचे उतरकर खेत की ओर पलट गई थी। हादसे में मृत महिला की पहचान निर्मला पति घनश्याम आयु 50 निवासी इंदौर के रूप में हुई हुई है। वहीं हर्ष साहू, जानवी, माखन साहू, कृष्णा साहू,आर्यन, आदर्श, मंजू साहू घायल हुए हैं। सभी घायल एक ही परिवार के नंदानगर क्षेत्र इंदौर निवासी बताए जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम किया।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में 16 जोड़ों का हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



यादव गवली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को संपन्न हुआ। केपी कॉलेज में 16 जोड़ों का विधि विधान से विवाह संपन्न कराया गया। देवास सहित कई आसपास के जिले के वर वधु इसमें शामिल हुए। सुबह दूल्हा दुल्हन की बनोरी निकाली गई जिसमें दुल्हे घोड़ी पर तो दुल्हन कार में सवार होकर निकली। बनोरी का जगह-जगह स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम स्थल केपी कॉलेज में पंडित आशीष शर्मा ने विवाह संपन्न कराया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए शीतल जल, कूलर, लस्सी की भी व्यवस्था की गई। पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, पार्षद रामदयाल यादव ने बताया कि आज अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ है, जिसमें 16 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान समाज के वरिष्ठ, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अभा ग्वाल महासभा सीताराम यादव, विधायक गायत्री राजे पवार, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सभापति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, पार्षद अजय तोमर, गोपाल खत्री, सोनू परमार, भुपेश ठाकुर, संजय दायमा, आशीष झाला आदि रहे। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष हरजू यादव, उपाध्यक्ष रमेश यादव, नत्थू लाल यादव, शिव यादव, दिलीप यादव, संतोष यादव, अजय यादव, ओम प्रकाश यादव, प्रकाश यादव, अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष का व्हाट्सएप हैक कर मांगे पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के व्हाट्सएप अकाउंट को हैक कर अज्ञात बदमाशों द्वारा लोगों से पैसों की मांग किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में परमार ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित साइबर सेल पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महासंघ जिलाध्यक्ष प्रदीप मालवीय ने बताया कि मनोज परमार संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सोनकच्छ में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान परमार को परिचितों व समाजजनों से जानकारी मिली कि उनके व्हाट्सएप से संदिग्ध मैसेज भेजे जा रहे हैं। हैकर्स द्वारा लोगों को पर्सनल मैसेज भेजकर प्लीज हेल्प मी, 52 हजार रुपए दे दीजिए, 2 घंटे में लौटा दूंगा जैसी अपील की जा रही थी। इसके बाद वे तुरंत कार्यकर्ताओं के साथ साइबर सेल पहुंचे, जहां शिकायत दर्ज कराते हुए अपना व्हाट्सएप अकाउंट पुनः चालू कराया गया। परमार ने आमजन से अपील की है कि इस तरह के फर्जी मैसेज पर विश्वास न करें और किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पहले सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान विजेंद्र सिंह राणा, हीरो सोलंकी, पं. कमल शर्मा, अमन मालवीय, शनि मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गजरा गियर चौराहे पर राजा टोडरमल की प्रतिमा स्थापना के लिए अक्षय तृतीया पर किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गजरा गियर चौराहे पर पोरवाल समाज के आराध्य देव श्री राजा टोडरमल महाराज की प्रतिमा स्थापना हेतु भव्य भूमि पूजन कार्यक्रम पूर्ण विधि-विधान और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों ने उपस्थित होकर अपने आराध्य के प्रति अटूट श्रद्धा और आस्था प्रकट की। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय पार्षद शीतल गेहलोत, पोरवाल समाज अध्यक्ष सत्यनारायण संघवी, पोरवाल युवा संगठन संस्थापक राजेंद्र संघवी, महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवकुमार संघवी, समाज संरक्षक अजय गुप्ता एवं राजेंद्र पोरवाल, कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय रत्नावत, जिला अध्यक्ष अंकित गुप्ता, समाज पदाधिकारी देवीलाल पोरवाल, शांतिलाल पोरवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, सुरेश घड़िया, प्रेमकुमार धनोतिया, कैलाश दानगढ़, राजेंद्र गुप्ता सहित युवा संगठन के पदाधिकारी कान्हा फरक्या, दिनेश धनोतिया, राजेश संघवी, विपिन संघवी, नवीन संघवी, आकाश मजावदिया, दीपक गुप्ता एवं समाज के गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति और एकजुटता से संपन्न हुए इस भूमि पूजन कार्यक्रम ने पूरे समाज में हर्षोल्लास का संचार कर दिया है।

## संभावित बाल विवाहों को रोकने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महिला एवं बाल विकास अधिकारी देवास ने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में संभावित बाल विवाहों को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पूरे जिले में पुलिस विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल गठित कर सम्मेलनों और विवाह स्थलों पर कड़ी निगरानी रखी गई। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वन स्टॉप सेंटर को जिला स्तरीय मुख्य कंट्रोल रूम बनाया गया।

कंट्रोल रूम से भी लगातार मॉनिटरिंग की गई। साथ ही, जिले के प्रत्येक परियोजना कार्यालय में भी पृथक से कंट्रोल रूम स्थापित किए गए, ताकि प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। शहर में विभाग का फ्लाइंग स्क्वायड (उड़नदस्ता दल) निरंतर सक्रिय रहा, जिसने विभिन्न मैरिज गार्डन और विवाह समारोहों का औचक निरीक्षण कर वर-वधू के आयु संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की। उन्होंने बताया कि दल को अमोना क्षेत्र में एक संभावित बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक दल ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से बालिका के आयु प्रमाण पत्र की मांग की।

दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पाई गई। दल द्वारा 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम' के प्रावधानों का हवाला देते हुए परिजनों और उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह के कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाइश दी गई। टीम की प्रभावी काउंसलिंग के बाद परिजनों ने अपनी गलती मानी और बालिका के बालिग होने तक विवाह न करने का लिखित संकल्प लिया, जिसके पश्चात विवाह रुकवाया गया। साझा प्रयास और सतर्कताविभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बाल विवाह को रोकने के लिए जिले के सभी क्षेत्रों में टीमें निरंतर सक्रिय हैं।

समस्त सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ ने परशुराम जन्मोत्सव पर किए कई आयोजन

# भव्य वाहन शौर्य यात्रा निकाली, किए पुरस्कार वितरण






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

समस्त सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ, देवास द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव अवसर पर कई आयोजन किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार एवं विशेष अतिथि नगर निगम सभापति रवि जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण भी किया गया। जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा (एडवोकेट) ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक पवार ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य शौर्य यात्रा में समाज की धर्म, संस्कृति और परंपराओं के प्रति एकजुटता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान परशुराम से जनमानस की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रातःकाल चाणक्यपुरी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में पूजा, अभिषेक, आरती एवं हवन का आयोजन हुआ। शाम 5 बजे सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, सयाजी द्वार पर समाजजन एकत्रित हुए। पूर्व घोषित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम लकी ड्रॉ के माध्यम से संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक पवार एवं सभापति जैन ने पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन पंडित देवकीनंदन समाधिया ने किया तथा आभार जिला संयोजक अरविंद शर्मा ने व्यक्त किया। तत्पश्चात सयाजी द्वार से भव्य वाहन शौर्य यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भगवान का ध्वज फहराकर किया गया। यात्रा में भगवान परशुराम, भगवान शंकर, नंदी, भगवान राम एवं भगवान हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा में डीजे, बैंड, भजन, ढोल एवं आतिशबाजी के साथ चारपहिया एवं दोपहिया वाहन शामिल रहे। मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। नगर के विभिन्न मार्गों पर यात्रा का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। अंत में यात्रा चाणक्यपुरी स्थित भगवान परशुराम मंदिर पहुंची, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महाआरती की गई। इसके बाद भंडारे के रूप में भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

## सीवरेज चैंबर ओवर फ्लो होने पर उसी में उतर पार्षद पति ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वार्ड की समस्याओं पर हमेशा अनोखे ढंग से प्रदर्शन कर सुर्खियों में रहने वाले पार्षद पति ने इस बार सीवरेज समस्या को लेकर और गन्दे पानी को लेकर मोर्चा खोला। सीवरेज चैंबर ओवर फ्लो होने पर उसी में उतर पार्षद पति ने अनोखा विरोध जताया।दरअसल शहर के वार्ड नंबर 22 स्थित आनंद ऋषि नगर में सोमवार को नगर निगम के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया गया। पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा ने चैंबर चौक की समस्या का समाधान न होने पर विरोध जताते हुए एक चैंबर में उतरकर धरना दिया। वर्मा ने बताया कि पिछले डेढ़ माह से कई स्थानों पर चैंबर का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम कमिश्नर इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और जनता को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। वर्मा के अनुसार, उन्होंने कमिश्नर से इस समस्या के बारे में बात की थी। कमिश्नर ने कथित तौर पर उनसे चैंबर में उतरने को कहा था। वर्मा का कहना है कि वे नहीं उतरे, इसलिए मैं ही चैंबर में उतर गया और प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का मामला सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार व लापरवाही से चल रही बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पिपरट निवासी राजेश ने शिकायत दर्ज कराई कि 3 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2 बजे उसका भाई मानी अपने साथी रामसहाय के साथ मोटरसाइकिल से मड़ावरा घरेलू सामान लेने जा रहा था। जब वह बमहौरीकला बस स्टैंड के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक भूपेंद्र पुत्र नारायण लखन ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मानी गंभीर रूप से घायल हो गया, उसके पैर, हाथ की उंगलियों और पसलियों में फ्रैक्चर हो गया, जबकि साथी रामसहाय को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल और बाद में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बताया गया कि इलाज के दौरान निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराना पड़ा, जिससे परिवार को आर्थिक नुकसान भी हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### नागरिक विकास मोर्चा ने शोक सभा आयोजित की

**ललितपुर।** नागरिक विकास मोर्चा की शोक सभा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ नेता दिनेश गोस्वामी की धर्मपत्नी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (प्रशासन) पंकज हुण्डैत की माताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दुख की इस घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। सभा में हरीबाबू शर्मा, विवेक व्यास, राजपाल सिंह, धुरव किलेदार, पवन शास्त्री, अशोक श्रीवास्तव, उबेश खान, मो.आशिफ, महेंद्र शुक्ला, दयाशंकर पाठक, सुधीर श्रीवास्तव, ब्रजबिहारी मिश्रा, सोनू तिवारी, मोहम्मद शरीफ, जावेद, राजेंद्र मोहन दुबे, रामप्रकाश अग्रवाल, रिंकू रिछारिया, जी.एस. तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### जयंती पर ब्राह्मण महामंडल का हवन-पूजन व सम्मान समारोह संपन्न

# भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर प्रेरणा ले समाज को बढ़ाना होगा: पटैरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भगवान परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) के अवसर पर ब्राह्मण महामंडल द्वारा सिद्धक्षेत्र श्रीचंडी माता मंदिर गांधीनगर स्थित धर्मशाला परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता ब्राह्मण महामंडल के जिलाध्यक्ष पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू ने की। वहीं सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। शुरुआत सुबह 11 बजे भगवान परशुराम के विधि-विधान से पूजन, अभिषेक एवं हवन के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने समाज की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू ने कहा कि ब्राह्मण समाज के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना और एकता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाना होगा। महामंत्री परमानंद तिवारी, डा. एस.पी. पाठक, महेंद्र रावत, डा.दीपक चौबे, राजेश दुबे (डीजीसी), गिरिजा शंकर दुबे, अवध रावत, रामनरेश दुबे, बालकिशन नायक, पवन संज्ञा, बृजेश चतुर्वेदी, महेंद्र अग्निहोत्री, चंद्रशेखर दुबे, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, सीताराम गोस्वामी, मदन शर्मा, दीपक पस्तोर, प्रमोद बबेले सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने पर बल दिया। इस दौरान आशीष चौबे नंबरदार द्वारा जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू एवं महामंत्री परमानंद तिवारी को फरसा भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला ब्राह्मण मंडल की ज्योति तिवारी, प्रियंका पटैरिया, गीतीमां तिवारी, निधि दुबे, अनीता गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। इसके अलावा रुक्मिणी कांत त्रिपाठी, रमाकांत तिवारी, महेश अग्निहोत्री, गुरचरण रिछारिया, पार्षद मनमोहन चौबे, अमित तिवारी, अंकित पटेरिया, नरेंद्र पाठक, अश्विनी पुरोहित, विनोद भोंडेले, संजय त्रिवेदी, डा. मुकेश तिवारी, रामदास श्रोती, सुनील पटेरिया, रविशंकर मिश्र, अनिल शुक्ला, राजेश शर्मा, आयुष शर्मा, अभिषेक दुबे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संचालन ब्रजमोहन शर्मा ने किया तथा अंत में जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू ने सभी उपस्थित विप्रजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

### भगवान परशुराम जयंती पर तीन रक्तवीरों ने किया रक्तदान



**ललितपुर।** सनातन धर्म के पावन पर्व भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में जय अम्बे रक्तदान समिति के तत्वावधान में तीन रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान पं.विनोद पाठक ने 13वीं बार रक्तदान किया, जबकि सुरेंद्र कुमार ने पहली बार रक्तदान कर मानव सेवा की दिशा में कदम बढ़ाया। वहीं मेडिकल कॉलेज में भर्ती ग्राम डगारी के डेढ़ वर्षीय मासूम इमरान खान के लिए महाकाल भक्त ऋषभ दुबे ने 26वीं बार बहुमूल्य रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान दीपक राठौर, अमन, समाजसेवी कन्हैया लाल एवं अभिषेक विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने रक्तदाताओं के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### जिलाधिकारी से की शिकायत

## बिजली विभाग पर गलत बिल व उत्पीड़न का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी अनुराम सिंह ने बिजली विभाग पर गलत बिल भेजने एवं उत्पीडऩ करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़ित ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अनुराग सिंह पुत्र हरदयाल सिंह लोधी ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने पूर्व में जनपदवासियों के साथ मिलकर बिजली विभाग के खिलाफ गलत बिलिंग और स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था। साथ ही सोशल मीडिया व समाचार माध्यमों के जरिए भी मुद्दा उठाया था। इसके बाद से विभागीय कर्मचारी उनसे रंजिश रखने लगे और धमकी देने लगे। पीड़ित के अनुसार 19 अप्रैल 2026 की रात लगभग 9.58 बजे उनके मोबाइल पर संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें उनके विद्युत कनेक्शन पर 81,435.38 रुपये का बकाया दर्शाते हुए जल्द भुगतान न करने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई। जबकि वह नियमित रूप से हर माह बिजली बिल जमा करते रहे हैं। अनुराग सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल को वह जिला पंचायत स्थित विद्युत कार्यालय पहुंचे, जहां जानकारी करने पर पता चला कि बिल में गलत धनराशि दर्ज की गई है। आरोप है कि वहां मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें यह कहकर टाल दिया कि विभाग के खिलाफ आवाज उठाने का परिणाम अब उन्हें भुगतना पड़ेगा और एसडीओ कार्यालय में जाने को कहा। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उनके बिजली बिल को तत्काल संशोधित कर गलत धनराशि निरस्त कराई जाए तथा संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने और घर से जेवर व नकदी ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निकटवर्ती ग्राम निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी 27 अप्रैल को जालौन में तय थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। 17 अप्रैल को वह अपनी पत्नी के साथ खरीदारी के लिए ललितपुर गया हुआ था, जबकि घर पर उसकी पुत्री अकेली थी। शाम को घर लौटने पर पुत्री घर पर नहीं मिली। काफी तलाश के बाद पता चला कि गांव के ही हुकुम नामक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित के अनुसार युवती घर में रखे जेवर, करधनी, पायल, मंगलसूत्र समेत करीब डेढ़ लाख रुपये नकद भी अपने साथ ले गई। आरोप है कि जब पीड़ित पुलिस को सूचना देने जा रहा था, तभी आरोपी के पिता राजाराम ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सेवायोजन कार्यालय में जमा करें आवेदन

## लिपिकीय प्रशिक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत करा है कि उ.प्र. श्रम एवं सेवायोजन विभाग, जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में एक वर्षीय लिपिकीय वर्ग का निशुल्क प्रशिक्षण कोर्स संचालित किया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग दी जाती है। आरक्षित वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो जिला सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हो जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण हो और जिनकी आयु 01 अप्रैल, 2026 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, अपना आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय में 23 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति व जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 24 अप्रैल, 2026 को सुबह 10.30 बजे एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 अप्रैल, 2026 को सुबह 10.30 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, गोविन्द नगर कॉलोनी में होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा है। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय में आकर व मोबाइल पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## महरौनी पुलिस ने 4 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की



**ललितपुर।** जनपद में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महरौनी पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने तिजू पुत्र भगोने (55 वर्ष) निवासी ग्राम सिलावन, लखनलाल पुत्र कन्छेदी कुशवाहा (32 वर्ष) निवासी ग्राम खिरिया लटकंजू, कैलाश पुत्र बाबूलाल (50 वर्ष) एवं सरमन पुत्र स्व.मौजू (60 वर्ष) निवासीगण ग्राम पठा विजयपुरा, थाना महरौनी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी थे, जिसके अनुपालन में उन्हें 20 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया गया। इस कार्रवाई को थाना महरौनी के प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह ने अपनी टीम के साथ अंजाम दिया। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### शादी समारोह में विवाद हिंसक हुआ

## उर्स चंदे के हिसाब को लेकर विवाद में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक शादी समारोह में उर्स के चंदे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शहनाई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने दो भाइयों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ चंदे के हिसाब को लेकर शुरू हुआ विवाद में एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता इदरीश कुरैशी ने बताया कि उनका भाई इसराईल शहनाई गार्डन में शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां मौजूद अब्दुल रहमान उर्फ कल्ला, मुशीर, कल्ला पुत्र नत्था और बाबू बदरुद्दीन ने उर्स के चंदे के हिसाब-किताब को लेकर विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। शिकायत में उल्लेख है कि जब इसराईल ने गाली देने से मना किया, तो उक्त लोगों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। यह देख जब उसका छोटा भाई हीरा बीच-बचाव करने पहुंचा, तो हमलावरों ने उस पर भी लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से प्रहार किया, जिससे हीरा को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट करने के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इदरीश कुरैशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उन्हें अपने व अपने परिजनों की जान-माल का खतरा है। कोतवाली में मामला पंजीकृत किया गया है।

### व्यापारी समाज के भीष्म पितामह

## पं. श्याम बिहारी मिश्रा को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

व्यापारी समाज के मसीहा एवं चार बार के सांसद रहे पं.श्याम बिहारी मिश्रा की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर व्यापार मंडल कार्यालय, जगदीश मार्केट में श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि पं.श्याम बिहारी मिश्रा देश के करोड़ों व्यापारियों के प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने निडर और निःस्वार्थ नेतृत्व के माध्यम से व्यापारियों को एक सूत्र में पिरोकर उन्हें स्वाभिमान और सम्मान के साथ व्यापार करने की राह दिखाई। उन्होंने उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में व्यापार मंडलों की स्थापना कर लगभग 10 करोड़ व्यापारियों को संगठित किया। वक्ताओं ने आगे कहा कि पं. मिश्रा ने अपने जीवन के पांच दशक व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा और सेवा में समर्पित कर दिए। उन्होंने सड़क से लेकर संसद तक व्यापारी हितों के लिए संघर्ष किया, पुलिस की लाठियां खाईं और कई बार जेल भी गए, लेकिन कभी झुके नहीं। आवश्यक वस्तु अधिनियम, बाट-माप अधिनियम, सैंपलिंग कानून और इंस्पेक्टर राज जैसी व्यवस्थाओं के खिलाफ उन्होंने लगातार आवाज उठाई और व्यापारियों को राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नेताओं ने उन्हें व्यापारी समाज का भीष्म पितामह बताते हुए कहा कि उन्होंने व्यापारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और यह सिखाया कि व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भाजपा के सांसद रहते हुए भी उन्होंने व्यापारी हितों के लिए अपनी ही सरकार के खिलाफ संघर्ष करने से परहेज नहीं किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पं.मिश्रा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, नगराध्यक्ष महेश जैन मोनू, महामंत्री अनिल जैन, प्रदेश मंत्री नवीन, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक जैन अनौरा, नगर महामंत्री पंकज बिरधा, डा.प्रीतम सराफ, अभय जैन एड., स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज अध्यक्ष मुकेश जैन, महेश सतभैया, राजीव सुडेले, आईटी मंच अध्यक्ष अंकित सतभैया, युवा जिला संयुक्त महामंत्री अविरल जैन, अरविंद जैन, रिक्की जैन, उदयभान सिंह यादव, मोहम्मद नईम, मनमोहन पटवा, अविनाश जैन मयूर, विनोद जैन, बासु जैन सहित अनेक व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, केस दर्ज किया

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला गिरजा के पुत्र हीरो 13 मार्च 2026 की शाम करीब 6.30 बजे अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जब वह टेटा जमालपुर के पास एनएच-44 हाईवे पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे ट्रैक्टर (नंबर एम.पी.32 जेड.बी.5780) ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हीरो गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक की मां ने बताया कि पुत्र के अंतिम संस्कार में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## बाइक से टक्कर मारी, नकदी व चेन लूटी

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रामनगर मोहल्ले में रविवार शाम एक युवक के साथ मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला रामनगर निवासी दिनेश कुशवाहा 19 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह देवरी मंदिर के पास पहुंचे, पीछे से दो मोटरसाइकिलों पर सवार युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दोबारा टक्कर मारी और फिर रोककर लात-घूंसों, बेल्ट व डंडों से बुरी तरह मारपीट की।

पीड़ित के अनुसार शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर आने लगे, जिसे देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के दौरान झड़प में पीड़ित के गले से चांदी की चेन और जेब में रखे करीब 2500 रुपये भी गायब हो गए। पीड़ित ने मोहल्ले के ही आकाश कुशवाहा उर्फ राक, विक्की पंथ और करन कुशवाहा उर्फ क्लांटू समेत अन्य अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रास्ता रोककर युवक से मारपीट, धमकी दी

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ रास्ता रोककर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मड़ावरा निवासी रौनक जैन 17 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे परीक्षा देकर ललितपुर से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में रानू राजा नामक युवक ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने पहले बस स्टैंड के पास और बाद में पुराने बाजार स्थित संस्कृति गार्डन के सामने फिर से रोककर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना में पीड़ित का मोबाइल भी टूट गया और उसके शरीर में चोटें आई हैं। घटना से भयभीत पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सडकोरा में संविधान निर्माता की 135वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई

## बाबा साहब की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब, शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद के ग्राम सडकोरा में संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस दौरान पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। जय भीम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और सामाजिक समानता के लिए किए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि इंजी.चंद्रशेखर अहिरवार उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अतिथि बंसती लारिया, सुरेंद्र लारिया, कमलेश कुमार, पत्रकार इंद्रजीत गौतम, डा. हरवेन्द, हरपाल जरया, राजकुमार भारती, राजकुमार, प्रमोद कुमार एवं कृपाल गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि डा.अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समानता पहुंचाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, एकता और संगठन को मजबूत करना होगा, तभी समाज का वास्तविक उत्थान संभव है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी निभाएं। इस दौरान राजकुमार (सडकोरा), वंशी राम, हरिराम गौतम, सुनील गौतम, संतोष जाटव, दयालीराम, धर्मेंद्र, कमलेश, सुक, नारायन चौधरी, गिरधारी, मनोज कुमार चौधरी, नरेंद्र चौधरी, प्रमोद चौधरी, राहुल चौधरी, दयाराम अहिरवार, सुकदीन चौधरी, सुरेश, रामबगस, महेश जाटव सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सुठालिया तहसील से महज 30 मिनट की दूरी पर लुट रही खनिज संपदा, जिम्मेदार झाड़ रहे अपना पल्ला

# खबर का असर तो हुआ पर माफिया ने बदला पैंतरा, दिन में 'कर्फ्यू', रात में पोकलेन का 'तांडव'

## खनिज अधिकारी ने फोन से बनाई दूरी, क्या विभाग की 'शरण' में फल-फूल रहा है रेत का काला कारोबार?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले में बहने वाली पार्वती नदी इन दिनों रेत माफियाओं के लिए 'सोने की खदान' बन गई है। शेखनपुर और सेमलापार के घाटों पर जिस तरह से मशीनों का जाल बिछाया गया है, उसने प्रशासन के उन दावों की पोल खोल दी है जिसमें 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही जाती है। 'हरिभूमि' द्वारा पिछले सप्ताह इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद माफियाओं ने कुछ घंटों के लिए काम तो रोका, लेकिन अब सूरज ढलते ही नदी के सीने पर पोकलेन मशीनों का शोर शुरू हो जाता है।

हैरानी की बात यह है कि सुठालिया तहसीलदार को मामले की पूरी जानकारी दी गई, लेकिन उनके कदम अब तक मौके तक नहीं पहुंचे। अधिकारियों की यह 'कछुआ चाल' ही माफियाओं के लिए 'ग्रीन सिग्नल' साबित हो रही है। राजस्व और खनिज विभाग के बीच तालमेल की कमी है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं, यह अब चर्चा का विषय बन गया है।






### पत्थरों के पहाड़ और लहूलुहान नदी

रेत निकालने की सनक इस कदर हावी है कि माफियाओं ने नदी के प्राकृतिक स्वरूप को ही बिगाड़ दिया है। रेत छानने के बाद निकले पत्थरों को नदी के बीच में ही जमा कर पहाड़ बना दिए गए हैं। इससे न केवल जल प्रवाह प्रभावित होगा, बल्कि आने वाले मानसून में यह आसपास के गांवों के लिए तबाही का कारण बन सकता है।

### खनिज अधिकारी का फोन नहीं उठता

जब इस संबंध में खनिज अधिकारी मुकेश शेखरवार से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका फोन नहीं उठा। जिले के इतने महत्वपूर्ण पद पर बैठे अधिकारी का जनता और मीडिया के प्रति यह उदासीन रवैया बताता है कि विभाग अवैध खनन रोकने के प्रति कितना गंभीर है।

### करोड़ों की चपत, माफिया की मौज

- **रोजाना की चोरी:** अनुमान के मुताबिक, हर रात सैकड़ों डंपर रेत निकाली जा रही है।
- **रॉयल्टी का घाटा:** बिना किसी वैध कागज के हो रहे इस काम से सरकार को करोड़ों के राजस्व की चपत लग रही है।
- **मशीनों का खेल:** नियमानुसार नदी के भीतर पोकलेन मशीनों का प्रवेश वर्जित है, फिर भी यहाँ सरेआम खुदाई जारी है।

### हम देखते रह जाते हैं, वो रेत ले जाते हैं

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात भर चलने वाले भारी वाहनों के कारण ग्रामीण सड़कें धंस रही हैं। माफियाओं का खौफ इतना है कि कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं। प्रशासन की दूरी ने ग्रामीणों के विश्वास को भी तोड़ दिया है।

### एक 'छुट्टी' पर, दूसरे के पास 'गाड़ी' नहीं; आखिर कैसे रुकेगा अवैध कारोबार?

जिम्मेदार अधिकारी 23 तारीख तक छुट्टी का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं, तो वहीं चार्ज संभाल रहे तहसीलदार रणधीर सिंह मीणा ने रात में जाने से साफ इंकार कर दिया है। तहसीलदार का तर्क है कि उनके पास वाहन की सुविधा नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब अधिकारी छुट्टी और संसाधनों के अभाव का गणित लगा रहे हैं, तब तक मौके पर क्या स्थिति बचेगी? इस मामले में जब संबंधित अधिकारी रामनिवास धाकड़ सुठालिया तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने कहा, ११मैं अभी 23 तारीख तक छुट्टी पर हूँ और वर्तमान में प्रभार मीणा जी को सौंपा गया है। वापस लौटते ही पुलिस और खनिज विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुँचकर कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है

मेरे पास फिलहाल गाड़ी उपलब्ध नहीं है और रात के समय कार्रवाई के लिए जाना संभव नहीं है। फिर भी, पुलिस और खनिज विभाग के साथ समन्वय बनाकर जल्द ही एक्शन लिया जाएगा।

रणधीर सिंह मीणा, चार्ज प्रभारी सुठालिया

विहिप, बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

# लव जिहाद के विरोध में फूंका जिहादी मानसिकता का पुतला



लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे कृत्यों पर विहिप, बजरंग दल की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

संपूर्ण भारत में एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अंजाम दिए जा रहे लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे कृत्यों पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला इकाई सामने आई है। उक्त मामलों को देश की अखंडता पर करारा प्रहार बताते हुए संगठन पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व नगर के खिलचीपुर नाका स्थित शिवाजी चौराहे पर विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिहादी मानसिकता पर लगाम कसने काफी समय तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिवाजी चौराहे पर संगठन द्वारा कथित जिहादी मानसिकता के विरोध में प्रतीकात्मक पुतला दहन भी किया गया। इसके पश्चात प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए प्रांत के सह प्रचार-प्रसार प्रमुख कपिल शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मातृ-शक्तियों के लिए बड़ा खतरा

संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा देश की बच्चियों और मातृ-शक्तियों के लिए ऐसी मानसिकता वाले लोग एक बहुत बड़ा खतरा हैं। पूरे देश में अब तक ऐसे अनेकों मामले सामने आ चुके हैं जिनसे साबित हो चुका है कि लव-जिहाद के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर से फंडिंग हो रही है। इस अवसर पर विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, सहसंयोजक आशीष मेवाड़, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, जिला संयोजक सोनू शर्मा, जिला मंत्री मयंक जायसवाल, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख लखन गुर्जर, बाल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, महिला उपाध्यक्ष ममता रानोलिया, चंदन महेश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ट्रांसफार्मर के नीचे लगी आग

# हादसा टलाः सड़क निर्माण के दौरान बिजली लाइन पर अचानक गिरा पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास

दूधिया दीवान दूधिया दीवान से लखनवास के बीच चल रहे नई सड़क निर्माण कार्य के दौरान रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। लापरवाही की स्थिति तब बनी जब संवासी के पास चालू विद्युत लाइन के बीच मशीन से पेड़ गिराए जा रहे थे।

### क्या है पूरा मामला?

रविवार सुबह करीब 10:00 बजे, दूधिया दीवान से लखनवास मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संवासी के पास बिना रास्ता बंद किए और बिना बिजली की सप्लाई काटे (चालू लाइट में), पोकलैंड मशीन से पेड़ों को गिराने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान एक भारी-भरकम लिपट्स का पेड़ सीधे हाई वोल्टेज बिजली के तारों पर जा गिरा।



### मची अफरा-तफरी, ट्रांसफार्मर के नीचे लगी आग

पेड़ तार पर गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और पास ही स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में भीषण स्पार्किंग होने लगी। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर के निचे आग लग गई। गनीमत यह रही कि उस वक्त पेड़ जब ट्रांसफार्मर पर गिरा तब तार नहीं टूटा वाहन रोड पर ओर मोटरसाइकिल सवार बड़ी लाइट के तार के नीचे ही खड़े थे अन्यथा जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। हादसे के बाद मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

# भगवान देवनारायण की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का श्रीगणेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के देवनारायण कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध देवनारायण मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। गुर्जर समाज द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रथम दिवस पंचकुण्डात्मक श्री विष्णु यज्ञ के साथ शनिवार को श्री गणपति पूजन , ग्राम देवता पूजन , हैमाद्री दशविधि स्नान ,मंडप प्रवेश उपरांत नगर के विभिन्न मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कि शुरुआत भगवान देवनारायण मंदिर से प्रारंभ हुई जो कि नगर के जमाई कॉलोनी , किशनगढ़ मोहल्ला , बुधवारिया बाजार होते हुए मंदिर पहुंची। कलश शोभा यात्रा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में कलश धारण कर रखें थे। जिसमें गुर्जर समाज बंधुओ सहित अन्य भगवान देवनारायण भक्त शामिल हुए। आयोजक गुर्जर समाज द्वारा भगवान देवनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन रखा गया जिसमें 23 अप्रैल 2026 को प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति तथा दोपहर पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# परशुराम जयंती पर निकला चल समारोह बैंड-बाजों की गूंज के साथ निकली यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सारंगपुर नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाज अध्यक्ष आशुतोष वैध ने किया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। चल समारोह की शुरुआत पंडितवाड़ी स्थित श्री राम मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद बैंड-बाजों और जयकारों के बीच शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। प्रतिभागियों ने केसरिया दुपट्टे धारण कर भगवान परशुराम के जयघोष लगाए, जिससे नगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

चल समारोह का समापन परशुराम चौराहा पर किया गया, जहां भगवान परशुराम की महाआरती की गई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग और महिलाएं बढ़-चढ़कर शामिल हुए। समाज अध्यक्ष आशुतोष वैध ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, संस्कार और धार्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को और भव्य रूप से आयोजित करने की बात कही।

अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में आयोजित हुआ विवाह सम्मेलन

# सिलोदा में 38वां सामूहिक विवाह सम्मेलन, 23 जोड़े बने जीवनसाथी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कालापीपल

ग्राम सिलोदा में राजपूत समाज प्रगति मंडल द्वारा 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। यह आयोजन अक्षय तृतीया के अवसर पर संपन्न हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया।

केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष मिश्रीलाल सिंह सिसोदिया ने बताया कि सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाजजनों ने बढ़-चढ़कर कन्यादान कर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। सम्मेलन समिति के अध्यक्ष लाड़सिंह सिसोदिया ने जानकारी दी कि विवाह समारोह पंडित मुकेश व्यास, भगवानस्वरूप शर्मा एवं पंडित सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।



विवाह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत दूल्हों द्वारा तोरण लगाकर पांडाल में प्रवेश से हुई, जिसके बाद सभी जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को विवाह जैसे बड़े खर्च से राहत प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने विचार व्यक्त करते हुए नवविवाहित जोड़ों को सुखद और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।



# वृक्षों पर सकोरे बांध विद्यार्थियों को समझाया उनका महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। आमजनों, राहगीरों, यात्रियों की प्यास बुझाने प्रशासन, निकायों, स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जहां स्थान-स्थान पर प्याऊ, वाटर कूलर आदि स्थापित करवाए गए हैं, वहीं विभिन्न स्कूलों में पक्षियों के लिए सकोरे (जलपात्र) रखने की पहल भी की जा रही है। इसी कड़ी में समीपस्थ प्राथमिक विद्यालय कराड़िया परिसर स्थित वृक्षों व अन्य स्थानों पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पक्षियों के पानी पीने हेतु सकोरे बांधे गए। इस दौरान स्कूल प्रभारी देवेंद्र जाधव एवं शिक्षिका श्रीमती सोनी द्वारा बच्चों को सकोरें बांधने का महत्व समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि इंसान तो किसी तरह अपने लिए पीने के पानी की व्यवस्था कर लेते हैं लेकिन प्यास के कारण बेजुबान पक्षियों की मौत हो जाती है। ऐसे में इन निरीह पक्षियों को बचाने आप सभी बच्चे भी अपने-अपने घरों की छत व अनुकूल स्थानों पर पक्षियों के सकोरे रखें ताकि बेजुबान प्यास से न मरें।

विधायक यादव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर शुरू करवाया फाइनल

# आहिल एवेंजर ने अपने नाम किया आईपीएल राजगढ़ का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आईपीएल की तर्ज पर मुख्यालय स्थित स्टेडियम में चल रहे 13 दिवसीय टूर्नामेंट का शनिवार रात्रि रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन आहिल एवेंजर और विजय रॉयल के बीच हुए खिताबी मैच में आहिल एवेंजर ने जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया।

देर रात्रि करीब 1 बजे तक चले मैच के उपरांत विजेता आहिल एवेंजर को बतौर इनाम 71 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं उप-विजेता विजय रॉयल को 40 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस टूर्नामेंट में 10 टीमों ने हिस्सा लिया था जिन्होंने 13 दिनों तक चले टूर्नामेंट में बेहतरीन क्रिकेट का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए विजय रॉयल ने 61 रन बनाए। लक्ष्य का आसान पीछा कर रही आहिल एवेंजर के सामने विजय रॉयल के गेंदबाज गोविंद प्रजापति ने एक ओवर में चार विकेट लेकर मैच को रोमांचक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। अंतिम ओवर तक चले संघर्ष उपरांत अंततः आहिल एवेंजर ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के दोनों नकद पुरस्कार सरोश हाशमी द्वारा प्रदान किए गए।



### सभी के सहयोग से संपन्न हुआ टूर्नामेंट

आयोजन समिति अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार हर्षांत इंगले द्वारा आहिल एवेंजर के मनीष को प्रदान किया गया। बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार गोविंद प्रजापति (ब्यावरा), बेस्ट फील्डर बाबू सिसोदिया (कड़िया), बेस्ट बल्लेबाज मनीष डाकलानिया को प्रदान किया गया। बेस्ट कमेंट्री के लिए शेरू पठान (चाचौड़ा) एवं बेस्ट अंपायरिंग का सम्मान ग्वालियर के गौरव कलोसिया को मिला। टूर्नामेंट को सफल बनाने में विधायक अमर सिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू, संरक्षक भानू ठाकुर, आमिर अली, फरीद अंसारी, विनय राणावत, मोहित कारपेंटर, दीपक, विकास प्रजापति, रमन पीपलोटिया, संदीप यादव सहित अन्य का अहम योगदान रहा।